'NCORD' बैठक में कलेक्टर ने दिए अवैध खेती और नशीली दवाओं पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश

नवभारत न्यूज

सौसर 29 जनवरी, जिले में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार पर लगाम कसने और नशामुक्ति अभियान को धार देने के लिए आज एसडीएम कार्यालय सौसर में जिला स्तरीय नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन एवं MedLEaPR समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। जिला दण्डाधिकारी नीरज कुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारियों ने जिले को नशामुक्त बनाने के लिए साझा रणनीति तैयार की।

स्कूलों में नियुक्त होंगे नोडल शिक्षक

कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले के हर स्कूल में एक शिक्षक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाए। स्कूलों में पोस्टर और प्रेरक वचनों के माध्यम से छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जाएगा।

MedLEaPR: पारदर्शिता के लिए डिजिटल कदम

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि मेडिकल-लीगल मामलों में पारदर्शिता लाने के लिए MedLEaPR प्लेटफॉर्म का प्रभावी उपयोग अनिवार्य है। उन्होंने सीसीटीएनएस के माध्यम से एमएलसी और पोस्टमार्टम रिपोर्ट को शत-प्रतिशत ऑनलाइन दर्ज करने के निर्देश दिए, ताकि नारकोटिक्स मामलों में साक्ष्यों की मॉनिटरिंग सुदृढ़ हो सके।

अवैध खेती और संदिग्ध दवा दुकानों पर पैनी नजर

बैठक में निर्देश दिए गए कि वन क्षेत्रों और खेतों विशेषकर कपास की खेती के बीच में गांजे की अवैध खेती की संभावनाओं की जांच करें और संदिग्ध स्थानों पर कार्रवाई करें। वहीं, स्वास्थ्य विभाग और औषधि अधिकारी को बिना बिल के दवा बेचने वाली दुकानों और प्रतिबंधित नशीली दवाओं के विक्रय पर कठोर वैधानिक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

विभागों में समन्वय पर जोर

पुलिस अधीक्षक सुंदर सिंह कनेश और अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में कलेक्टर ने आबकारी विभाग को झुग्गी बस्तियों में जागरूकता बढ़ाने और पुलिस के साथ मिलकर संयुक्त कार्रवाई करने को कहा। बैठक का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य, पुलिस और आबकारी विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना रहा।

बैठक में ये रहे उपस्थित

पुलिस अधीक्षक सुंदर सिंह कनेश, डीएफओ सचिन नरगडे अपर कलेक्टर अग्निहोत्री, एएसपी नीरज सोनी, संयुक्त कलेक्टर नेहा सोनी, एसडीएम सिद्धार्थ पटेल, एसडीओपी ब्रजेश भार्गव सहित आबकारी, स्वास्थ्य और कृषि विभाग के अधिकारी।

56 दिव्यांग बच्चों को मिले सहायक उपकरण, चेहरों पर लौटी मुस्कान

जनपद शिक्षा केन्द्र सौसर में दिव्यांग बच्चों के लिए भव्य उपकरण वितरण शिविर का आयोजन

नवभारत न्यूज़

सौंसर 29 जनवरी. जनपद शिक्षा केन्द्र सौसर में दिव्यांग बच्चों के शैक्षणिक, सामाजिक एवं शारीरिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को आवश्यक सहायक उपकरण उपलब्ध कराकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना एवं शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नानाभाऊ मोहोड़, पूर्व शिक्षा मंत्री (मध्यप्रदेश शासन) रहे। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि दिव्यांग बच्चे समाज की विशेष धरोहर हैं और उनके विकास के लिए सरकार एवं शिक्षा विभाग निरंतर कार्य कर रहा है। ऐसे शिविर बच्चों के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का कार्य करते हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में विकासखंड शिक्षा अधिकारी सौसर भास्कर गावंडे एवं शामराव धवले उपस्थित रहे। श्री गावंडे ने कहा कि शिक्षा विभाग का प्रयास है कि प्रत्येक दिव्यांग बच्चे तक शासन की योजनाओं का लाभ समय पर पहुँचे, जिससे वे बिना किसी बाधा के शिक्षा ग्रहण कर सकें। कार्यक्रम के सफल संचालन एवं आयोजन में विकासखंड स्रोत समन्वयक चैनसा यादव, सूर्यकीर्ति काले, कीर्तिसागर बागड़े (शासकीय कन्या विद्यालय, सौसर), विकासखंड के बीएसी श्रीमती मंजुश्री काम्बले तथा जनशिक्षक विजय मोहोड़ का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मंच संचालन का दायित्व विजय मोहोड़ द्वारा कुशलतापूर्वक निभाया गया। कार्यक्रम में जनपद शिक्षा केन्द्र सौसर के समस्त जनशिक्षक एवं शिक्षकगण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। दिव्यांग उपकरण वितरण शिविर के आयोजन में एमआरसी देवेंद्र इटुले का विशेष एवं सराहनीय योगदान रहा।

श्री हनुमान लोक (जामसांवली धाम) में सभामंडप द्वार और लिफ्ट स्थापना का हुआ भूमिपूजन

नवभारत न्यूज़

सौसर -29 जनवरी. विश्व प्रसिद्ध चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर संस्थान (हनुमान लोक), जामसांवली धाम में श्रद्धालुओं की सुविधाओं को प्राथमिकता देते हुए आज विकास कार्यों की नई श्रृंखला का शुभारंभ हुआ। संस्थान के वरिष्ठ ट्रस्टी विठ्ठल राव डवरे के करकमलों से सभामंडप के मुख्य द्वार एवं भक्त निवास-3 में लिफ्ट स्थापना कार्य का भूमिपूजन पूर्ण विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न किया गया। इस पावन अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष गोपाल शर्मा, उपाध्यक्ष संतोष डवरे, सचिव टीकाराम कारोकर, ट्रस्टीगण अजय धवले, रामराव डवरे, पांडुरंग बोबडे, मोहन ताजने, दिलीप बत्रा, राजू बाविस्टाले, सुशील माहेश्वरी, संस्थान के सीईओ वीरेंद्र भट्ट पुजारी कमलेश तिवारी सहित संस्थान के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। संस्थान के अध्यक्षगोपाल शर्मा ने बताया कि हनुमान लोक की परिकल्पना के अनुरूप जामसांवली धाम को विश्वस्तरीय धार्मिक पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित किया जा रहा है। हमारा मुख्य ध्येय मंदिर आने वाले हर श्रद्धालु को आध्यात्मिक शांति के साथ-साथ उत्कृष्ट सुविधाएं प्रदान करना है।

स्वास्थ्य सेवाओं में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, 24 फरवरी तक एएनसी पंजीयन का लक्ष्य करें पूरा : कलेक्टर

नवभारत न्यूज

सौसर 29 जनवरी, सौसर एसडीएम कार्यालय के सभा कक्ष में गुरुवार को कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने स्वास्थ्य सेवाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया।

पंजीयन में कमी पर जताई नाराजगी

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नरेश गोन्नाडे द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट में एएनसी पंजीयन की प्रगति कम पाए जाने पर कलेक्टर वशिष्ठ ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि आगामी 24 फरवरी तक एएनसी पंजीयन को न्यूनतम 75 प्रतिशत तक अनिवार्य रूप से पूर्ण किया जाए।

कुपोषण और सिकल सेल जांच पर फोकस

बैठक में स्वास्थ्य अधिकारियों को निम्नलिखित महत्वपूर्ण निर्देश दिए गए जिसमे सभी गर्भवती महिलाओं की शत-प्रतिशत सिकल सेल जांच सुनिश्चित करने के अलावा मॉडरेट एनीमिया और पीआईएच की पहचान कर उचित प्रबंधन करने एवं महिला एवं बाल विकास विभाग को एनआरसी में कुपोषित बच्चों की भर्ती का लक्ष्य शत-प्रतिशत पूरा करने तथा जिले में नसबंदी लक्ष्यों की पूर्ति के लिए सर्जन की व्यवस्था कर अधिक शिविर लगाने के निर्देश दिए।

नियमों की होगी जांच -

एनबीसीयू से नवजात शिशुओं को अधिक संख्या में रेफर किए जाने पर कलेक्टर ने चिंता जताई और इस स्थिति की विस्तृत जांच कराने के आदेश दिए। उन्होंने कहा कि एसडीएम स्तर पर आयुष्मान आरोग्य मंदिरों की साप्ताहिक समीक्षा की जाए।

बाल विवाह के विरुद्ध सामाजिक पहल

बैठक के दौरान कलेक्टर ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बाल विवाह रोकथाम की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं के साथ-साथ सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन में भी प्रशासन को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। बैठक में अपर कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री, संयुक्त कलेक्टर सुश्री नेहा सोनी, एसडीएम सौसर सिद्धार्थ पटेल सहित स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के जिला व ब्लॉक स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

सौसर भाजपा कार्यालय में जिला कार्यशाला एवं सम्मेलन का आयोजन

नवभारत न्यूज़

सौंसर 29 जनवरी. भाजपा का जी राम जी अर्थात रोजगार फॉंर गॅंरटी ग्रामीण आजीवीका मिशन अधीनियम का सौसर भाजपा कार्यालय मे जिला कार्यशाला एवं सम्मेलन की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप भाऊ मोहोड एवं मुख्य अतिथी जिले के सांसद विवेक बंटी साहु उपस्थीत थे। अवसर पर जिला सम्मेलन को संबोधीत करते हुए सांसद बंटी साहु ने कहा की, नरेंद्र मोदी सरकार ने भ्रष्ट मनरेगा योजना को बंद कर जी राम जी अर्थात मजदुर किसानो के लिए रोजगार फॉंर गॅंरटी ग्रामीण आजीवीका मिशन योजना लागू कर देश मे किसान मजदुरो के लिए बहोत बडा काम किया है।

भाजपा जिलाअध्यक्ष संदीप मोहोड ने कहा की, यह जी राम जी योजना मजदुरो के लिए वरदान साबीत होगी। और हमे चौपाल के माध्यम से आम जनता को भी बताना है। जिला संयोजक कृष्णकुमार डोबले, सहसंयोजक आनंद ढाकरे भी संबोधीत किया। इसअवसर पर भाजपा प्रदेश प्रवक्ता अजय धवले, मोरेश्वर मर्सकोले ,जिला महामंत्री बाल्या गायकवाड, संदीप घाटोडे, राहुल मोहोड, संजय भुते, अज्जु ठाकूर, सदन साहु, राजू पवार, रवि पफरकसे, दिपक कामडे मंडल टोली, मंडल अध्यक्ष तथा बडी संख्या मे भाजपा कार्यकर्ता उपस्थीत थे

खेलो एमपी यूथ गेम्स : रेनबो स्कूल के विद्यार्थियों ने संभाग स्तर पर जीते पदक

नव भारत न्यूज

पांढुरना, 29 जनवरी, खेलो एमपी यूथ गेम्स के अंतर्गत संभाग स्तर पर आयोजित योगासन प्रतियोगिताओं में साधना, संतुलन और संकल्प का अद्भुत संगम जबलपुर शहर में देखने को मिला। प्रतिभागी खिलाड़ियों ने विभिन्न योगासनों के माध्यम से अपनी शारीरिक दक्षता, मानसिक एकाग्रता तथा अनुशासन का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। यह पहल योग को जनञ्जन तक पहुँचाने, स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने और उभरती प्रतिभाओं को सशक्त मंच प्रदान करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास सिद्ध हो रही है।

इसी कड़ी में रेनबो हायर सेकेंडरी स्कूल, पांढुर्णा के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय की कक्षा 10 की छात्रा भूमिका पुरुषोत्तम पराड़कर एवं कक्षा 9 की छात्रा प्रगति गणेश दुबे ने संभाग स्तरीय योग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर मेडल हासिल किए और स्कूल सहित पूरे नगर का मान बढ़ाया।

पांढुरना जिले से कुल 14 विद्यार्थियों का दल योग मार्गदर्शिका रंजना कुमरे एवं नेहा बागड़े के सानिध्य में इस प्रतियोगिता में शामिल हुआ, जिन्होंने पूरे आत्मविश्वास और अनुशासन के साथ अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। यह सफलता उनके कठिन अभ्यास, दृढ़ संकल्प और समर्पण का परिणाम है।

इस उपलब्धि पर विद्यालय में हर्ष का वातावरण रहा। विजेता विद्यार्थियों का शाला स्तर पर विशेष सम्मान समारोह आयोजित कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शाला डायरेक्टर अनिल वानोड़े, राम नंदेवार, प्रचार्य अमोल नंदेवार एवं समस्त स्टाफ ने विजेता विद्यार्थियों और मार्गदर्शकों को बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं तथा योग जैसी महान भारतीय परंपरा को नई पीढ़ी से जोड़ने का सशक्त कार्य करते हैं।

खाण्ड सिवनी मंडल के भुम्मा ग्राम में विराट हिन्दु सम्मेलन कार्यक्रम को लेकर बैठक हुई

नवभारत न्यूज़

सौंसर 29 जनवरी. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ स्थापना के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य मे पुरे भारत मे प्रत्येक बस्ती मंडल केन्द्र पर हो रहे विराट हिन्दु सम्मेलन उत्सव कार्यक्रम के तहत सौसर खण्ड के खाण्ड सिवनी मंडल के भुम्मा ग्राम मे भी विराट हिन्दु सम्मेलन कार्यक्रम को लेकर बैठक रखी गई थी जिसमे कार्यक्रम आगामी 8 फरवरी को सुबह-11 बजे से किया जाना तय हुआ व सर्वसम्मति से उत्सव समिति का गठन किया गया जिसमे सयोजक सुदामा मानमोड़े, सह-सयोजक, सुरेन्द्र देशमुख, सुनीता बोवाड़े, सजयजी वानखड़े, प्रशांतजी पटेल, एवं आदि प्रकार की व्यवस्था समिति प्रमुख मे, जुगतजी ढोबारे, सुभाष डोंगरे, धन्वन्त गोहिते, अशोक डोंगरे, बबली मानमोड़े, सन्तोष ढोबारे आदि नाम तय किये गये व बैठक का शुभारंभ प्राप्त अक्षित कलश पुजन से हुई व कार्यक्रम रुपरेखा का वक्तव्य सह-खण्ड कार्यवाह अजय चौरागढे, व जोगसिह राजपुरोहित ने रखे जिसका सभी समाज बन्धुओ ने सहमति देते हुए विराट हिन्दु सम्मेलन कार्यक्रम विशाल भव्य रुप से मनाया जाना तय हुआ जिसमे दर्जनो सभी समाज के समाज बन्धु माता बहने युवा बच्चे व स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

जिले के प्रथम पीजीडीटीई प्रशिक्षित शिक्षक डॉ . विनोद सनेसर सम्मानित

नवभारत न्यूज

सौसर 29 जनवरी - गणतंत्र दिवस के अवसर पर शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले डॉ. विनोद सनेसर को जिला प्रशासन द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया। शासकीय कन्या उच्च माध्यमिक विद्यालय, लोधीखेड़ा में अंग्रेजी विषय के उच्च माध्यमिक शिक्षक डॉ. सनेसर ने पांढुरना जिले के ऐसे प्रथम अंग्रेजी शिक्षक होने का गौरव प्राप्त किया है, जिन्होंने राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा क्क्त्रष्ठञ्जश्व में चयनित होकर प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण किया है।

जिला स्तरीय ट्रेनर के रूप में मिली जिम्मेदारी

डॉ. सनेसर की इस शैक्षणिक योग्यता और विशेषज्ञता को देखते हुए उन्हें जिले के माध्यमिक शिक्षकों को अंग्रेजी भाषा अध्यापन का प्रभावी प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर नियुक्त किया गया है।

कलेक्टर द्वारा प्रशस्ति पत्र भेंट

गणतंत्र दिवस समारोह के मुख्य कार्यक्रम में पांढुरना कलेक्टर नीरज वशिष्ठ द्वारा डॉ. विनोद सनेसर को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

शुभचिंतकों ने दी बधाई

इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी जी.एस. बघेल, सहायक संचालक रश्मी कुशरे, विकास खंड शिक्षा अधिकारी पांढुर्णा एच.बी. हांडे, विकास खंड शिक्षा अधिकारी सौसर भास्कर गावंडे, पूर्व संकुल प्राचार्य श्रीमती रीता टंडैया, एवं पीजी कॉलेज छिंदवाड़ा के डॉ. पी.एन. सनेसर सहित समस्त विद्यालय परिवार, इष्ट मित्रों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई प्रेषित की हैं।

सीईओ प्रियंक मिश्रा ने किया शासकीय स्कूलों का औचक निरीक्षण

नवभारत न्यूज

सौसर 29 जनवरी, कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ के निर्देशन में विकासखंड के ग्रामीण क्षेत्रों में शासकीय व्यवस्थाओं को चुस्त-दुरुस्त करने का अभियान जारी है। इसी क्रम में गुरुवार को मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रियंक मिश्रा ने ग्राम पंचायत घड़ेलामाल और देवी स्थित शासकीय प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं का औचक निरीक्षण किया।

भोजन की गुणवत्ता का गहन अवलोकन

निरीक्षण के दौरान सीईओ मिश्रा ने विशेष रूप से मध्याह्न भोजन योजना की समीक्षा की। उन्होंने किचन शेड में जाकर भोजन पकाने की विधि, स्वच्छता और उपयोग की जा रही खाद्य सामग्री की जांच की। उन्होंने बच्चों के साथ संवाद कर भोजन के स्वाद और नियमितता के बारे में भी जानकारी ली।

परिसर में स्वच्छता और शैक्षणिक स्तर पर जोर: श्री मिश्रा ने केवल भोजन ही नहीं, बल्कि विद्यालय की अन्य व्यवस्थाओं का भी बारीकी से मुआयना किया। उन्होंने विद्यार्थियों के बैठने की व्यवस्था और शैक्षणिक वातावरण को देखा और स्कूल परिसर और शौचालयों में साफ-सफाई बनाए रखने के सख्त निर्देश दिए। इसी तरह मौके पर उपस्थित स्टाफ और संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

बच्चों के सर्वांगीण विकास का लक्ष्य

सीईओ प्रियंक मिश्रा ने नवभारत से चर्चा में कहा कि इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि बच्चों को न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिले, बल्कि उन्हें पौष्टिक और स्वच्छ आहार भी उपलब्ध हो। उन्होंने जोर देकर कहा कि विद्यालयों की व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ करना प्रशासन की प्राथमिकता है ताकि बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सके।

शासन की योजनाओं से सशक्त हुआ ग्राम खेड़ीकला का राजगुरु परिवार

नव भारत न्यूज

पांढुरना, 29 जनवरी, पांढुरना के ग्राम पंचायत खेड़ीकला में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी और पारदर्शी क्रियान्वयन किया जा रहा है। इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के जरूरतमंद नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार लाना और उन्हें आत्मनिर्भर बनाना है। ग्राम खेड़ीकला की हितग्राही सीताबाई भिमराव राजगुरू को शासन की अनेक योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया है, जिससे उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिला है।

ग्राम पंचायत के सचिव सुभाष काले द्वारा बताया कि हितग्राही को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत पक्का आवास प्राप्त हुआ है, जिससे उन्हें सुरक्षित और सम्मानजनक जीवन जीने का अवसर मिला। इसके साथ ही निजी खेत संतरा फलोद्यान योजना का लाभ मिलने से उनकी कृषि आय में वृद्धि हुई है और भविष्य में स्थायी आजीविका का मजबूत साधन तैयार हुआ है।

सचिव श्री काले द्वारा बताया कि खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हितग्राही को गरीबी रेखा राशन कार्ड एवं खाद्यान्न राशन पर्ची उपलब्ध कराई गई है, जिससे उन्हें नियमित रूप से आवश्यक खाद्यान्न प्राप्त हो रहा है और परिवार की बुनियादी जरूरतें पूरी हो रही हैं।

स्वच्छ ईंधन उपलब्ध कराने के उद्देश्य से हितग्राही की पत्नी प्रधानमंत्री उज्ज्वला गैस कनेक्शन प्रदान किया गया, जिससे पारंपरिक ईंधन से होने वाली स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में कमी आई है और घरेलू कार्य पहले की तुलना में अधिक सुरक्षित एवं सुविधाजनक हुए हैं। सामाजिक सुरक्षा की दृष्टि से हितग्राही को इंदिरा गांधी वृद्धावस्था पेंशन योजना का लाभ भी प्राप्त हो रहा है, जिससे उन्हें नियमित आर्थिक सहायता मिल रही है और जीवन यापन में स्थिरता आई है।